विधान सभा सचिवालय

मध्यप्रदेश

समाचार

विधान सभा अध्यक्ष ने दीं प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं

भोपाल,दिनांक 14 अगस्त,2025

मध्यप्रदेश विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई दी है । श्री तोमर ने अपने संदेश में प्रदेश एवं देशवासियों की खुशहाली एवं उन्नति की कामना की है ।

श्री तोमर ने अपने संदेश में कहा कि आज का यह पावन दिन हमारे देशवासियों में देश भक्ति की भावना जाग्रत करने तथा एकता के सूत्र में बांधने के साथ ही हमारे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदानों का पुण्य स्मरण एवं उन्हें नमन करने का भी दिन है । हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज हमारा देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहते हुए कृषि, उद्योग, प्रौद्योगिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विकास की गाथा लिख रहा है तथा विश्व मंच पर विकसित भारत के संकल्पों के साथ एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है ।

आज मध्यप्रदेश में भी जन कल्याण की नीतियां बन रही हैं तथा चौतरफा विकास की गंगा बह रही है तथा केन्द्र एवं राज्य की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदेशवासियों को मिल रहा है। श्री तोमर ने मध्यप्रदेश राज्य की समृद्धि तथा जनता के कल्याण के लिए कामना की है।

श्री तोमर ने कहा कि इस वर्ष का स्वतंत्रता दिवस इस लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि माननीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में हमारी सेना ने "ऑपरेशन सिंदूर" के माध्यम से आंतक और देश के दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। यह स्वतंत्रता दिवस भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम को नमन-वंदन का अवसर है।

विधान सभा में सक्षम अधिकारी करेंगे ध्वजारोहण

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय में स्वाधीनता दिवस (15 अगस्त) को प्रात: 09:00 बजे ध्वजारोहण होगा । इस अवसर पर विधान सभा के सक्षम अधिकारी सचिवालय प्रांगण में ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधान सभा भवन को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है ।

वि.स./ज.स./25

(नरेंद्र मिश्रा)

अवर सचिव